एनईआरएल



# एनईआरएल

एनसीडीईएक्स समूह कंपनी

एफ ए क्यू



## अक्सर पूछे जानेवाले प्रश्न (एफएक्यू)

### ए) परिचय

1. **रिपोसिटरी क्या है**

" रिपोसिटरी " से तात्पर्य एक कंपनी जिसने डब्ल्युडीआरए द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त किया है.

2. **प्राधिकारी कौन है?**

" प्राधिकारी" से तात्पर्य,डब्ल्युडीआर अधिनियम 2007 के अंतर्गत स्थापित मालगोदाम विकास एवं नियामक प्राधिकारी (डब्ल्युडीआरए).

3. **रिपोसिटरी की कोर सेवाएं कौन-कौन सी हैं**

ए. इलेक्ट्रॉनिक परक्राम्य मालगोदाम रसीदों की सुरक्षित तथा सही निर्मिती,संभाल,रखरखाव तथा रद्द किया जा सकने में समर्थ बनाना,

बी. अंतरण,गिरवी रखना या गिरवी रखा जाना हटाना,इलेक्ट्रॉनिक परक्राम्य मालगोदाम रसीदों की ई-निलामी करने को समर्थ बनाना,

सी. आंशिक या पूर्ण माल की सुपुर्दगी,मालगोदाम के व्यक्तियों के जरिए,इलेक्ट्रॉनिक परक्राम्य मालगोदाम रसीदों की अंडरलाइंग,

डी. रिपोसिटरी के उपयोगकर्ता की ऑन-बोर्डिंग,

इ. रिपोसिटरी प्रतभागी के कार्यकलापों को करना,तथा

एफ. रिपोसिटरी के उपयोगकर्ताओं को रिपोसिटररी तक उचित पहुंच उपलब्ध कराना,

4. **रिपोसिटरी एनवाइरनमेंट में यूज़र से क्या तात्पर्य है ?**

'यूजर' से तात्पर्य एक जमाकर्ता,धारक,वित्तीय संस्था,एक्सचेंज,समाशोधन गृह,मालगोदाम का व्यक्ति, रिपोसिटरी प्रतिभागी या अन्य कोई व्यक्ति जिसे रिपोसिटरी द्वारा कोर सेवाएं उपलब्ध करायी जाती हों.

5. **एनईआरएल क्या है ?**

एनईआरएल अर्थात,नैशनल ई रिपोसिटरी लिमिटेड,यह एक एनसीडीईएक्स समूह कंपनी है,जिसे रिपोसिटरी के रुप में कार्य करने के लिए,डब्ल्युडीआरए द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है.

6. **एनईआरएल के प्रवर्तक/शेअरधारक कौन हैं?**

एनईआरएल के प्रवर्तक/शेअरधारक,एनसीडीईएक्स लिमिटेड,नाबार्ड,भारतीय स्टेट बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक हैं.

### बी) सामान्य

7. **इलेक्ट्रॉनिक मालगोदाम रसीदों के क्या फायदे हैं?**

1. एक रिपोसिटरी में इलेक्ट्रॉनिक मालगोदाम रसीदें,ऐसी इलेक्ट्रॉनिक मालगोदाम रसीदों के होने का प्रमाणिक प्रमाण होंगी तथा ऐसी इलेक्ट्रॉनिक मालगोदाम रसीदों में निहित जानकारी तथा रिपोसिटरी में इलेक्ट्रॉनिक मालगोदाम रसीदों का रखा गया रिकॉर्ड,यदि मालगोदाम के व्यक्तियों द्वारा रखे गये तथा रिपोसिटरी के रिकॉर्डों में कोई अंतर होने के मामले में,मालगोदाम के व्यक्तियों द्वारा रखे गये रिकॉर्ड को रद्द कर देगा.

2. इलेक्ट्रॉनिक मालगोदाम रसीदों का उपयोग वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेने के लिए संपार्श्विक के रूप में किया जा सकता है.

3. इलेक्ट्रॉनिक परक्राम्य मालगोदाम रसीदें,रिपोसिटरी इको सिस्टम के अंदर एक खाते से दूसरे खाते में अंतरित की जा सकती हैं.

8. **क्या ई-मालगोदाम रसीदें दूसरे ग्राहक को अंतरित की जा सकती हैं**

नहीं. क्योंकि यह एक अपरक्राम्य लिखत है.

9. **क्या ई-परक्राम्य मालगोदाम रसीदें दूसरे ग्राहक को अंतरित की जा सकती हैं**

हां.यह एक परक्राम्य लिखत है.

10. **क्या ई-परक्राम्य मालगोदाम रसीदें ऐसे ग्राहक को जिनका दूसरी रिपोसिटरी के साथ खाता हो,को अंतरित की जा सकती हैं**

हां,यह इंटर डिपॉजिटरी लेनेदेन के जरिए होगा

11. **क्या मालगोदाम एक ही स्टॉक की प्रत्यक्ष परक्राम्य मालगोदाम रसीद और ई-मालगोदाम रसीद निर्मित कर सकता है?**

प्राधिकारी द्वारा उल्लिखित किसी तारीख से प्रभावी,प्राधिकारी के साथ पंजीकृत कोई भी मालगोदाम का व्यक्ति,प्रत्यक्ष स्वरुप में कोई भी परक्राम्य मालगोदाम रसीद जारी नहीं करेगा.

12. **प्रत्यक्ष उत्पाद की गुणवत्ता और मात्रा के लिए कौन जिम्मदार होगा ?**

प्रत्यक्ष उत्पाद की गुणवत्ता और मात्रा के लिए मालगोदाम के व्यक्ति जिम्मदार होंगे.कृपया पंजीकृत मालगोदामों के पंजीकरण,परिचालन तथा रखरखाव विषय से संबंधित जारी, डब्ल्युडीआरए अधिनियम 2007 और नियमों,विनियमों तथा दिशानिर्देशों का अवलोकन करें.

13. **एनईआरएल से संबंधित फॉर्म्स कहां मिलेंगे?**

खाता खोलने के फॉर्म तथा एनईआरएल में लेनेदेन के निष्पादन के लिए फॉर्म एनईआरएल की वेबसाइट www.nerlindia.com पर पाया जा सकता है.

14. **मै अपना पासवर्ड कैसे बदल सकता हूं**

प्रथम लॉग-इन के पश्चात,उपयोगकर्ता को एक पासवर्ड बदले पटल की तरफ निर्देशित किया जायेगा.उस पर आवश्यक ब्यौरा भर दें,उपयोगकर्ता को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी पर नया पासवर्ड प्राप्त हो जायेगा.

15. **यदि मै पुराना पासवर्ड भूल जाऊंतो क्या नया पासवर्ड निर्मित कर सकता हूं**

एनईआरएल के पासवर्ड भूल गया पेज पर जाएं,आवश्यक ब्यौरा भरें,उपयोगकर्ता को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा ई-मेल आईडी पर नया पासवर्ड प्राप्त हो जायेगा.

16. **आरपी/डब्ल्युएसपी/जांचकर्ता/गिरवीकर्ता द्वारा कितने यूजर आईडी निर्मित किये जा सकते हैं**

आरपी/डब्ल्युएसपी/जांचकर्ता/गिरवीकर्ता द्वारा,उनकी परिचालनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार असीमित यूजन आईडी निर्मित किये जा सकते हैं.

17. **इंटर-रिपोसिटरी कौनसे लेनेदेन निष्पादित किये जा सकते हैं?**

इंटर-रिपोसिटरी निष्पादित किये जा सकनेवाले लेनेदेन नीचे उल्लेख किये अनुसार है :

1.जमा

2.आहरण

3.स्वामित्व अंतरण

4.गिरवी

**18. क्या मेरी इलेक्ट्रॉनिक मालगोदाम रसीद कोमोडिटी एक्सचेंज पर सुपुर्द की जा सकती है?**

वर्तमान में इलेक्ट्रॉनिक मालगोदाम रसीद कोमोडिटी एक्सचेंज पर सुपुर्द नहीं की जा सकती.

**19. मेरे आरपी या किसी मालगोदाम के खिलाफ शिकायत के मामले में किससे संपर्क करना होगा?**

आरपी के खिलाफ शिकायत रिपोसिटरी में की जा सकती है,जबकि,मालगोदाम के खिलाफ शिकायत डब्ल्युडीआरए को करनी होगी.

**20. एनईआरएल ग्राहक सेवा का संपर्क ब्यौरा क्या है ?**

एनईआरएल ग्राहक सेवा समूह से निम्नानुसार संपर्क किया जा सकता है

- टोल मुक्त नंबर :1800 209 6007
- ई-मेल : help@nerlindia.com

## सी) रिपोसिटरी प्रतिभागी से संबंधित

**21. रिपोसिटरी प्रतिभागी (आरपी) कौन बन सकता है?**

रिपोसिटरीज तथा इलेक्ट्रॉनिक परक्राम्य मालगोदाम रसीदों पर डब्ल्युडीआरए द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में उल्लेख किये अनुसार,रिपोसिटरी द्वारा, निम्न में से किसी को भी आरपी के रुप में नियुक्त किया जा सकता है.

ए) बैकिंग विनियम अधिनियम 1949 तथा दि रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम 1934 के अंतर्गत लाइसेंसधारक बैंक या वित्तीय संस्था.

बी) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के साथ पंजीकृत कोई मध्यस्थ.

सी) रिपोसिटरी द्वारा उल्लिखित अपेक्षाओं को प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किये जाने के पश्चात, रिपोसिटरी द्वारा उल्लिखित अपेक्षाओं को पूरा करनेवाला एक मालगोदाम का व्यक्ति तथा

डी) प्राधिकारी द्वारा समय -समय पर रिपोसिटरी प्रतिभागी के रुप में कार्य करने के लिए अनुमत अन्य किसी श्रेणी के व्यक्ति.

**22. एक रिपासिटरी प्रतिभागी बनने के लिए अपेक्षित शुद्ध साख क्या है**

आरपी'ओं की निम्नलिखित विभिन्न श्रेणियां जो एनईआरएल में सूचीबद्ध की जायेंगी .

| क्रं.सं. | श्रेणी | रु.3 करोड एवं रु.10 करोड के बीच शुद्ध साख | शुद्ध साख <3 करोड |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य आरपी | उनकी शुद्ध साख के 50 गुना के कॅप के साथ अनुमत | अनुमत नहीं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | सीमित प्रयोजन आरपी | उनकी शुद्ध साख के 50 गुना के कॅप के साथ अनुमत | अनुमत नहीं |
| 3 | स्टॉक एक्सचेंज के सदस्य | उनकी शुद्ध साख के 50 गुना के कॅप के साथ अनुमत | •1 करोड की न्यूनतम शुद्ध साख<br>•रु.50 करोड एएमयू के कॅप के साथ अनुमत |

- पीएसीएस,एफपीओ,एनजीओ,तथा एपीएमसी के लिए कोई शुद्ध साख नहीं
- रु.10 करोड से अधिक की शुद्ध साख के साथ आरपीओं के लिए एएमयू पर कोई सीमा नहीं.

**23. एनईआरएल के आरपी बनने के लिए दस्तावेजीकरण प्रक्रिया क्या है**

एक आरपी बनने के लिए निम्नलिखित दस्तावेज अपेक्षित हैं :

| क्रं.सं. | अपेक्षित दस्तावेज |
|---|---|
| 1 | केवायसी ब्यौरा |
| 2 | ब्याज रहित प्रतिभूति जमा |
| 3 | निदेशकों का ब्यौरा अर्थात,नाम,ई-मेल आईडी,संपर्क ब्यौरा |
| 4 | निर्धारित प्रारुप में शुद्ध साख प्रमाणपत्र |
| 5 | बोर्ड का संकल्प |
| 6 | प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं के फोटो |
| 7 | बैंक द्वारा सत्यापित प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ताओं की सूची |
| 8 | स्व-प्रमाणित पॅन प्रति |
| 9 | निदेशकों की स्व-प्रमाणित पॅन प्रतियां |
| 10 | समावेशन प्रमाणपत्र की स्व-प्रमाणित प्रति |
| 11 | प्रमुख ग्राहकों की सूची |
| 12 | जिस तारीख से परिचालित हुआ हो उसे प्रमाणित करते हुए बैंक से पत्र |
| 13 | पिछले 3 वर्षों के लिए आयकर रिटर्न तथा वार्षिक रिपोर्टें |
| 14 | आवास का प्रमाण -प्रवर्तक / निदेशक |

शुद्ध साख प्रमाणपत्र प्रारुप तथा संगणकीकरण पद्धति परिशिष्ट सी-1 तथा परिशिष्ट सी-1 ए में उल्लेख किये अनुसार होने चाहिए :

**परिशिष्ट सी-1**

**एनईआरएल को-------------------------------द्वारा प्रस्तुत प्रमाणपत्र दिनांक-------------------**

**प्रमाणपत्र**

यह प्रमाणित किया जाता है कि,इस रिपोर्ट के साथ संलग्न सम दिनांक के संगणित विवरण के अनुसार दिनांक------------------को मेसर्स--------------------------------की शुद्ध साख केवल रु.--------------------है

(रुपये शब्दों मे)परिशिष्ट सी-1 ए एल सी गुप्ता पद्धति द्वारा गणना के अनुसार.

हम आगे प्रमाणित करते हैं कि :

- लेखा बहियों ,रिकॉर्डों तथा दस्तावेजों की मेरी/हमारी जांच के आधार पर शुद्धसाख की गणना की गई है तथा जो मेरे/हमारे ज्ञान तथा उपलब्ध करायी गई सूचना के मेरी/हमारी संतुष्टि के अनुसार सत्य और सही है.
- शुद्ध साख की गणना डॉ.एल.जी. गुप्ता समिति की रिपोर्टद्वारा निर्धारित गणना की पद्धति के अनुरुप की गई है.
- शुद्ध साख की गणना एनईआरएल अपेक्षा के अनुरुप की गई है.
- हम एतद्द्वारा पुष्टि करते हैं कि,हम उक्त हस्ती से संबंधित पक्ष नहीं हैं.

स्थानः के लिए(सनदी लेखाकार फर्म का नाम)

दिनांकः भागीदार/स्वामी

सनदी लेखाकार

सीए मुहर (स्टैंम्प)तथा सदस्यता नंबर

(प्रमाणीकरण करनेवाले सनदी लेखाकार के लैटर हेड पर उपलब्ध कराया जाय)

**परिशिष्ट सी -1 ए**

**शुद्ध साख की गणना**

(शुद्ध साख प्रमाणपत्र परिशिष्ट सी-1 में उपलब्ध कराये गये प्रारुप के अनुसार उपलब्ध कराया जाय)

डॉ.एल.सी.गुप्ता समिति द्वारा निर्धारित ---------------को शुद्ध साख की गणना निम्नानुसार है

| | | |
|---|---|---|
| ए. | पूंजी | |
| बी. | निःशुल्क आरक्षित निधि | |
| सी. | घटाएं गैर-अनुमत आस्तियां अर्थात, | |
| | (ए) मियादी आस्तियां | |
| | (बी)गिरवी रखी गयी प्रतिभूतियां | |
| | (सी)सदस्य का कार्ड | |
| | (डी)गैर-अनुमतेय प्रतिभूतियां (सूचीबद्ध न की गई। प्रतिभूतियां) | |
| | (इ) खराब सुपुर्दगियां | |
| | (एफ)संदिग्ध ऋण तथा अग्रिम * | |
| | (जी)पूर्व प्रदत्त खर्चे ,हानियां | |
| | (एच)अवास्तविक आस्तियां | |
| | (आई)विक्रेय प्रतिभूतियों का 30 % | |
| डी. | कुल शुद्ध साख (ए+बी+सी) | |

*स्पष्टीकरण :

इसमें ऋण/तीन माह से अधिक के लिए अतिदेय अग्रिम या सहायकों को दिये गये शामिल

| |
|---|
| के लिए(सनदी लेखाकार फर्म का नाम)<br><br>भागीदार/स्वामी<br>सनदी लेखाकार<br><br>सीए मुहर (स्टैंम्प)तथा सदस्यता नंबर |

**24. आरपी/गिरवीकर्ता के रूप में एनईआरएल में कैसे नाम दर्ज कराएं**

ए. वेबसाइट https://nerlindia.com पर जाएं तथा ' साइन अप ' पर क्लिक करें

बी. आवश्यक ब्यौरे प्रविष्ट करें

सी. अपने डिजीटल दस्तावेज अपलोड करें

डी. अपलोड किये गये दस्तावेजों को एनईआरएल के पंजीकृत पते पर भेजें

इ. यदि सारे दस्तावेज एनईआरएल द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं के अनुसार होंगे तो एनईआरएल पंजीकरण प्रक्रिया को अनुमोदित करेंगे.

एफ. सिस्टम निर्मित ओआरजी आईडी तथा पासवर्ड,पंजीकृत प्रत्यायक क्रेडेन्शियल्स पर भेजेजायेंगे प्राप्त किये जायेंगे.

**25. ग्राहक के रूप में मैं रिपासिटरी की सेवाएं कैसे ले सकता हूं?**

एक रिपोसिटरी ग्राहकों से एजेंटो के जरिए मिलते हैं जो रिपोसिटरी प्रतिभागी (आरपी) कहलाते हैं. यदि ग्रांहक रिपोसिटरी की सेवाएं प्राप्त करना चाहते हैंतो,निवेशकर्ता द्वारा आरपी के साथ खाता खोलना होगा.एनईआरएल द्वारा सूचीबद्ध आरपी'ओं की सूची हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है.लिंकः htpp://nerlindia.com

**26. मैं आरपी का चयन कैसे करुंगा**

आरपी के चयन के लिए कुछ महत्वपूर्ण तत्थ्य निम्नानुसार हो सकते हैं :

1. सुविधा -आपके कार्यालय/आवास,कारोबार घंटों से निकटता.
2. आराम :आरपी की प्रतिष्ठा,संगठन के साथ पिछला संबंध,क्या आरपी आपके द्वारा अपेक्षित विशिष्ट सेवा देने की स्थिति मेंहै.
3. लागत-आरपी द्वारा लगाए गए सेवा प्रभार तथा सेवा मापदंड.

**27. आरपी के साथ नया खाता खोलने के लिए मुझे क्या करना होगा**

आप अपनी पसंद के किसी आरपी के पास जाकर,खाता खोलने का फॉर्म भरें तथा अपेक्षित केवायसी दस्तावेज प्रस्तुत करें.आप हमारी वेबसाइट www.nerlindia.com पर उपलब्ध खाता खोलने के फॉर्म मैन्युअल  का भी अवलोकन कर सकते हैं.

**28. एक ही आरपी के साथ क्या मैं एक से अधिक रिपोसिटरी खाता खोल सकता हूं**

हां.आप एक ही आरपी के साथ एक से अधिक रिपोसिटरी खाते खोल सकते हैं.

**29. क्या मुझे हर रिपोसिटरी के साथ अलग-अलग रिपोसिटरी खाता खोलना होगा**

ग्राहक अपनी पसंद के किसी भी रिपोसिटरी के साथ खाते खोल सकते हैं

**30. हिताधिकारी आईडी क्या है**

ग्राहक द्वारा,रिपोसिटरी द्वारा प्रस्तावित सेवाएं लेने के लिए आरपी के साथ खोला गया खाता भी हिताधिकारी आईडी कहलाया जा सकता है

**31. क्या हिताधिकारी आईडी का वर्तमान ब्यौरा बदला जा सकता है**

हां

**32. स्वामित्व अंतरण आरपी'ओं के अंदर आपस में या इंट्रा आरपी किया जा सकता है**

स्वामित्व अंतरण आरपी'ओं के अंदर आपस में या बाहरी आरपी'ओं में किया जा सकता है

**33. एनईआरएल में हिताधिकारी से हिताधिकारी प्रक्रिया क्या है**

- ग्राहक को अपने आरपी के पास जाकर संबंधित फॉर्म भरकर,हिताधिकारी से हिताधिकारी लेनेदेन आरंभ करना होगा
- आरपी उल्लिखित फॉर्म की प्राप्ति प्रति उपलब्ध करायेगा तथा एनईआरएल सिस्टम में उल्लिखित लेनेदेन निष्पादित करेगा
- ग्राहक द्वारा अनुरोध किये गये लेनेदेन का आरपी द्वारा जारी होल्डिंग/लेनेदेन विवरण का सत्यापन किया जाना चाहिए.

**34. किस प्रकार के रिपोसिटरी खाते रिपोसिटरी में खोले जा सकते हैं?**

ग्राहक का हिताधिकारी खाता रिपोसिटारी में खोला जा सकता है

**35. क्या मैं कोई एक या उत्तरजीवी आधार पर संयुक्त खाता परिचालित कर सकता हूं?**

नही

**36. क्या नामांकन सुविधा उपलब्ध है?**

वर्तमान में नामांकन सुविधा उपलब्ध नहीं है

**37. मुझे अपनी होल्डिंग्ज के बारे में या होल्डिंग्ज में परिवर्तन के बारे में कैसे पता चलेगा?**

प्रत्येक लेनेदेन के सफलतापूर्वक पूरा करने पर,ग्राहक को उनके पंजीकृत प्रत्यायनों (क्रेडेंन्शियल्स)पर एसएमएस तथा ई-मेल प्राप्त होगा.इसके अलावा ग्राहक आरपी से लेनदेन विवरण तथा होल्डिंग विवरण के लिए अनुरोध कर सकता है

**38. क्या पीओए सुविधा उपलब्ध है?**

वर्तमान में एनईआरएल सिस्टम में पीओए सुविधा उपलब्ध नहीं है

## डी.मालगोदाम संबंधित

**39.एनईआरएल के डब्ल्युएसपी बनने के लिए पात्रता मापदंड क्या ह**

डब्ल्युएसपी, डब्ल्युडीआरए द्वारा पंजीकृत किये जायेंगे.कृपया अगली जानकारी के लिए डब्ल्युडीआरए की वेबसाइट का अवलोकन करें.

**40.एनईआरएल में जमा उत्पाद के इलेक्ट्रॉनिक जमा शेष मिलने में कितना समय लगता है**

रिपोसिटरी/डब्ल्युडीआरए द्वारा निर्धारित अपेक्षित औपचारिकताओं/मापदंडों के पूरा होने के पश्चात,इलेक्ट्रॉनिक जमा उपयोगकर्ता के आरपी खाते में,रीअल टाइम आधार पर दर्शाये जाते हैं

**41.ईडब्ल्युआर /ईएनडब्ल्युआर से क्या तात्पर्य है**

ईडब्ल्युआर से तात्पर्य इलेक्ट्रॉनिक नॉन-नेगोशिएबल वेअरहाउस रेसिप्ट

ईएनडब्ल्युआर से तात्पर्य इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेअरहाउस रेसिप्ट

**42. ईडब्ल्युआर तथा ईएनडब्ल्युआर में क्या अंतर है**

डब्ल्युडीआरए द्वारा,डब्ल्युडीआर अधिनियम 2007 में मालगोदाम रसीद को परिभाषित किया गया है. ईडब्ल्युआर गैर-परक्राम्य स्वरुप की होती हैं,अर्थात,मालगोदाम रसीद के द्वारा दर्शाये गये उत्पाद का स्वामित्व बदला /अंतरित नहीं किया जा सकता. ईएनडब्ल्युआर परक्राम्य स्वरुप की होती है, अर्थात,ईएनडब्ल्युआर,विक्रेय,बेची,तथा उधार को आधार देने के लिए संपार्श्विक के रुप में उपयोग में लायी जा सकती हैं.

**43. एक ईडब्ल्युआर तथा ईएनडब्ल्युआर में कितनी मात्रा जमा की जा सकती है**

एक ईडब्ल्युआर तथा ईएनडब्ल्युआर मेंजमा करने की मात्रा की कोई सीमा नहीं है

**44. एनईआरएल में जमा की प्रक्रिया क्या है**

- ग्राहक द्वारा,रिपोसिटरी द्वारा सूचीबद्ध आरपी/ओं के साथ खाता खोला जाय
- डब्ल्युडीआरए के साथ पंजीकृत मालगोदाम में,उस मालगोदाम में जमा करने के लिए डब्ल्युडीआरए द्वारा अनुमोदित उत्पाद को जमा करने के लिए मालगोदाम में जाया जाए
- मालगोदाम के व्यक्ति (डब्ल्युएसपी)द्वारा निर्धारित औपचारिकताओं को पूराकिया जाय तथा भंडारण,लदान/उतराई,सॅम्पलिंग,जांच तथा मालगोदाम के अन्य कोई प्रासंगिक लागत,यदि कोई,हों तो उसका डब्ल्युएसपी को भुगतान किया जाय.
- मालगोदाम द्वारा जमा का ब्यौरा एनईआरएल के सिस्टम में,ईडब्ल्युआर तथा ईएनडब्ल्युआर निर्मित करने के लिए प्रविष्ट किया जायेगा
- तत्पश्चात जांचकर्ता द्वारा,डब्ल्युडीआरए द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार,माल का परिक्षण किया जायेगा तथा जमा किये गये माल को ग्रेड दिया जायेगा.
- यदि माल ,डब्ल्युडीआरए द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं होगा तो,डब्ल्सुएसपी द्वारा माल नकार दिया जायेगा तथा ग्राहक को वह माल मालगोदाम से वापस लेना होगा.
- डब्ल्युडीआरए द्वारा निर्धारित ग्रेडिंग मानकों के अनुसार जांचकर्ता द्वारा ग्रेड दिये गये माल के लिए, ग्राहक को उसकी पसंद के अनुसार ईडब्ल्युआर तथा ईएनडब्ल्युआर जारी की जायेगी.
- ग्राहक द्वारा,आरपी द्वारा जारी होल्डिंग/लेनदेन विवरण से क्रेडिट का सत्यापन किया जायेगा.

**45. एनईआरएल में निकासी की प्रक्रिया क्या है**

- ग्राहक द्वारा उसके आरपी के यहां जाकर,संबद्ध फॉर्म भरकर इच्छानुसार निकासी लेनदेन आरंभ किया जाय.
- आरपी द्वारा एनईआरएल के सिस्टम में निकासी अनुरोध प्रविष्ट किया जायेगा तथा निकासी आरंभ फॉर्म के लिए पावती देगा.
- निकासी आरंभ फॉर्म की प्राप्ति प्रति,पहचान प्रमाण तथा प्राधिकार पत्र (हिताधिकारी धारक द्वारा माल निकाले जाने के मामले में) के साथ ग्राहक मालगोदाम में जायेगा.
- मालगोदाम से माल निकालते समय ग्राहक,डब्ल्युएसपी को भंडारण प्रभार और अन्य कोई प्रासंगिक प्रभार प्रेषित करेगा.
- डब्ल्युएसपी द्वारा एनईआरएल सिस्टम में निकाले गये माल की मात्रा की पुष्टि की जायेगी.
- ग्राहक द्वारा,आरपी द्वारा जारी होल्डिंग/लेनदेन विवरण से क्रेडिट का सत्यापन किया जायेगा.

**46.रिपोसिटरी में किन मालगोदामों पर विचार किया जायेगा?**

केवल डब्ल्युडीआरए द्वारा अनुमोदित एवं पंजीकृत मालगोदाम पर ही विचार किया जायेगा

**47.रिपोसिटरी द्वारा विचार योग्य मालगोदामों में कौनसे उत्पाद जमा किये जा सकते हैं?**

अधिसूचित उत्पादों की सूची डब्ल्युडीआरए की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

**48.क्या मैं ऐसे उत्पाद जमा कर सकता हूं जिनके लिए मैं जांच करवान नहीं चाहता**

जांच न किये गये माल के लिए ईडब्ल्युआर जारी की जायेगी.तथापि,ईएनडब्ल्युआर के लिए जांच अनिवार्य है.

### 49.क्या मेरी ईडब्ल्युआर, ईएनडब्ल्युआर तथा उसके विपरीत बदली जा सकती है

ईडब्ल्युआर को ईएनडब्ल्युआर तथा उसके विपरीत बदले जाने के लिए,जमा के समय मालगोदाम को सूचित किया जाना चाहिए.एकबार जमा लेनेदेन मालगोदाम द्वारा पूरा कर लिये जानेपर,केवल मालगोदाम से उत्पाद की निकासी तथा रिपोसिटरी/डब्ल्युडीआरए द्वारा निर्धारित संपूर्ण जमा प्रक्रिया के पालन द्वारा उसे पुनःजमा करने द्वारा ही ईडब्ल्युआर को ईएनडब्ल्युआर तथा उसके विपरीत बदला जाना निष्पादित किया जा सकता है.

## इ.गिरवी रखे जाने के संबंध में

### 50.एनईआरएल के गिरवीदार बनने के लिए पात्रता मापदंड क्या हैं

इलेक्ट्रॉनिक मालगोदाम रसीद के पेटे ऋण उपलब्ध कराने वाला कोई भी बैंग या वित्तीय संस्था, एनईआरएल के साथ गिरवीदार के रुप में सूचीबद्ध हो सकते हैं.

### 51.एनईआरएल में गिरवी रखने की प्रक्रिया क्या है

- ग्राहक उपर बतलाए अनुसार उत्पाद जमा करेगा
- ईएनडब्ल्युआर तथा ईडब्ल्युआर के इलेक्ट्रॉनिक जमा प्राप्त हो जाने के पश्चात,रिपोसिटरी ग्राहक,एनईआरएल के साथ सूचीबद्ध गिरवीदार से संपर्क करेगा.
- गिरवीदार दस्तावेजीकरण तथा ग्राहक की उचित जांच करेगा
- फिर ग्राहक आरपी से संपर्क कर गिरवी रखे जाने संबंधी अनुरोध फॉर्म भरेगा.आरपी ग्राहक को फॉर्म भरने में मार्गदर्शन देगा.
- आरपी रिपोसिटरी सिस्टम में ब्यौरा प्रविष्ट करेगा.
- यह लेनदेन पहले डब्ल्युएसपी द्वारा तथा बाद मेंगिरवीदार द्वारा पुष्ट किया जायेगा.

### 52. एनईआरएल गिरवीदारों की सूची मुझे कहां मिलेगी?

एनईआरएल गिरवीदारों की सूची, एनईआरएल की वेबसाइट www.nerlindia.com पर उपलब्ध है.

## एफ.निलामी से संबंधित

### 53. एनईआरएल में निलामी प्रक्रिया क्या है ?

1) एनसीडीईएक्स ई बाजार लिमिटेड (एनईएमएल)के जरिए एनईआरएल नीलामी करेगा

2) नीलाम किया जानेवाला उत्पाद,ग्राहक खाते से एनईएमएल के पूल खाते में अंतरित किया जायेगा

3) एनईएमएल एक परिपत्र के जरिए उत्पाद का ब्यौरा प्रकाशित करेगा तथा अपने पंजीकृत सदस्यों से बोली आमंत्रित करेगा.

4) एनईएमएल द्वारा नीलामी का एक समय आबंटित किया जायेगा.

5) उस समय के दौरान,एनईएमएल द्वारा उनके नीलामी प्लेटफॉर्म पर उत्पाद का ब्यौरा प्रदर्शित किया जायेगा तथा बोली लगाने वाले उसके लिए बोली देंगे.

6) नीलामी खिडकी पर अंत में,सबसे अधिक बोली लगाने वाला निश्चित किया जायेगा.

7) सबसे अधिक बोली लगाने वाले के साथ पैसों का निर्धारण करने के पश्चात उत्पाद,बोली लगाने वाले के एनईआरएल खाते में अंतरित कर दिया जायेगा.

8) यदि बोली लगाने वाले का एनईआरएल खाता नहीं हो तो,बोली लगाने वाले के पक्ष में निकासी कागजात निर्मित किये जायेंगे.

9) नीलामी प्रक्रिया,एनईएमएल द्वारा तैयार की गई शर्तों तथा निबंधनों पर आधारित होगी.

**54.क्या गिरवी आव्हान के मामले में मात्रा की नीलामी अनिवार्य होगी?**

नहीं.नीलामी,उन माध्यमों में से एक है,जिसके जरिए वित्तीय संस्था,ऋण के चूककर्ता के उत्पाद का परिसमापन कर सकती है.